**13/03**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से बीटीसी क्षेत्र में असम माला 3.0 सड़क परियोजना, चार फ्लाईओवर और दो पुलों की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने कोकराझार जिले के बसबारी में रेलवे आवधिक मरम्मत कार्यशाला की आधारशिला रखने के साथ ही तीन नई रेलगाडियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रेलगाडियां हैं- कामाख्या-चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, गुवाहाटी-नई जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस और नारंगी-अगरतला एक्सप्रेस। प्रधानमंत्री ने राज्य के 34 जिलों के लिए 36 नए पुलों की आधारशिला भी रखी।

0000000000000000000000

राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गैब्रियल डी. वांगसू ने आज मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में एलपीजी (LPG) और पेट्रोलियम उत्पादों (POL) की आपूर्ति और उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव एवं निदेशक, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के समन्वयक तथा सभी जिलों के उपायुक्त वर्चुअली उपस्थित थे।खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आश्वासन दिया कि एलपीजी और पीओएल उत्पादों की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है और उनकी वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि उनकी निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

श्री वांगसू ने आम जनता से अपील की कि एलपीजी और पीओएल उत्पादों की कमी को लेकर घबराहट में खरीदारी न करें और केवल सामान्य आवश्यकता के अनुसार ही एल पी जी और पी ओ एल  खरीदें, ताकि कृत्रिम कमी की स्थिति पैदा न हो।उन्होंने जानकारी दी कि एहतियात के तौर पर एलपीजी की बुकिंग के बीच 25 दिनों का अंतराल लागू किया गया है।साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी व्यक्ति या व्यावसायिक संस्था एलपीजी या पीओएल उत्पादों की जमाखोरी या कालाबाजारी करते हुए कृत्रिम कमी पैदा करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा अन्य संबंधित नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने लोगों से यह भी अनुरोध किया कि अफवाह फैलाने वालों के झांसे में न आएं और सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन के किसी भी भ्रामक या डर फैलाने वाले संदेश को साझा न करें।

0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने चल रहे बजट सत्र के दौरान राज्य में होने वाली आगामी जनगणना प्रक्रिया के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य के कई विधानसभा क्षेत्रों में जनसंख्या में कमी देखी जा रही है।  विधानसभा को संबोधित करते हुए  श्री खांडू ने बताया कि कई निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे इलाके हैं जहाँ आबादी में काफी गिरावट आई है, इसलिए वास्तविक जनसांख्यिकीय स्थिति का आकलन करने के लिए जनगणना आवश्यक है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जनगणना के बाद अद्यतन जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस बार जनगणना डिजिटल प्रारूप में कराई जाएगी, जो पारंपरिक तरीकों से एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा। श्री खांडू ने बताया कि जनगणना का पहला चरण 16 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की सूची तैयार करना और आवास संबंधी जनगणना शामिल होगी।वहीं दूसरा चरण 2027 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य की आबादी से जुड़ी विस्तृत सामाजिक और आर्थिक जानकारी एकत्र की जाएगी।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा ने 2026–27 के लिए 36,607 करोड़ रुपये का राज्य बजट दो दिन की चर्चा के बाद कल वॉयस वोट के माध्यम से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य बजट 2026–27 की प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला और चर्चा में सदस्यों की रचनात्मक भागीदारी के लिए उनका धन्यवाद किया।उपमुख्यमंत्री चउना मैन, जो राज्य के वित्त, योजना और निवेश विभागों का भी प्रभार संभालते हैं, ने कहा कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें राज्य की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेंगी। उन्होंने बताया कि आयोग की सिफारिशों के आधार पर भविष्य में राज्य की आर्थिक योजना और संसाधनों के आवंटन पर असर पड़ेगा।

000000000000000000

उपमुख्यमंत्री तथा वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री चउना मैन ने कल बजट सत्र के दौरान विधानसभा में अरुणाचल प्रदेश विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2026 पेश किया।

इसके बाद सदन ने विधेयक पर विचार किया और अरुणाचल प्रदेश विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। इस विधेयक के पारित होने से राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य की संचित निधि से धनराशि निकालने की अनुमति मिल गई है, ताकि विभिन्न सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों के लिए आवश्यक खर्च किए जा सके |

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के भालुकपोंग के पास टिप्पी क्षेत्र में कामेंग नदी पर 10 दिवसीय व्हाइट वॉटर राफ्टिंग कोर्स आयोजित किया जा रहा है, जो 17 मार्च 2026 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण का आयोजन 2 ए पी बटालियन एनसीसी, तवांग द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (NIMAS) के समन्वय से किया जा रहा है।इस कोर्स में कुल 50 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। इनमें से 30 कैडेट तवांग और वेस्ट कामेंग जिलों से हैं, जबकि शेष 20 कैडेट असम के विभिन्न जिलों से आए हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कैडेटों को एडवेंचर स्पोर्ट्स, टीमवर्क, नेतृत्व कौशल और नदी राफ्टिंग से जुड़ी तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

00000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र, ईटानगर ने अरुणाचल प्रदेश के पापुमपारे, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित और चांगलांग जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों के कुछ स्थानों पर गरज के साथ आंधी, बिजली चमकने और बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

इसके अलावा, 15 जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है, जहां अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ आंधी, बिजली और भारी बारिश होने का अनुमान लगाया गया है।मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने और खराब मौसम के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह भी दी है |

00000000000000000

सुमित अंतिल ने कल नई दिल्ली में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड-प्रीक्स 2026 में पुरूषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया है। उन्होंने 69.25 मीटर भाला फेंका। पुष्पेन्द्र सिंह ने 56.91 मीटर भाला फेंककर रजत पदक जीता। इसी स्पर्धा में पूनम राम ने 49.48 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया।